**विधान परिषद द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूॅछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 7(क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर में कोई स्थायी बस अड्डा नहीं है जिससे शहर के अलग-अलग स्थानों पर बसे खड़ी रहती है, और रास्तों पर बसें खड़ी रहने से जाम की स्थिति पैदा होती है? | वर्तमान में जनपद-सहारनपुर में तीन स्थानों से अलग-अलग प्रान्तों, कस्बों हेतु बसों का संचालन कराया जाता है।<br>(1) रेलवे रोड बस स्टेशन, जनपद-सहारनपुर का एकमात्र बहुत पुराना बस स्टेशन है, जिसका कुल क्षेत्रफल 964 वर्ग मीटर है। यह बस स्टेशन रेलवे स्टेशन के समीप ही स्थित है, जिसके फलस्वरूप रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाले यात्रियों को इस बस स्टेशन से त्वरित हरिद्वार/देहरादून/मेरठ/मुजफ्फरनगर/आगरा/लखनऊ आदि स्थानों के लिये जाम रहित यातायात सुविधा का लाभ मिलता है।<br>(2) मवीकलां आवास विकास योजना सं0-8 (काशीराम कॉलोनी के निकट) के पास ही सड़क किनारे से अस्थाई व्यवस्था के तहत शामली बड़ौत, बागपत, लोनी, दिल्ली आदि के लिये बसों का जाम रहित संचालन कराया जा रहा है।<br>(3) मानकमऊ में नगर निगम स्वामित्व के इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन के समीप ही सड़क किनारे से अस्थाई व्यवस्था के तहत कस्बा-नकुड, गंगोह तथा हरियाणा, चन्डीगढ़, पंजाब व हिमाचल प्रान्तों हेतु बसों का जाम रहित संचालन कराया जाता है। |
| (ख) | क्या बस अड्डे के लिये कोई जगह प्रस्तावित है? | जी हॉ।<br>स्थायी बस स्टेशन हेतु सहारनपुर नगर के बाहर की ओर आवास एवं विकास परिषद की सहारनपुर-दिल्ली रोड पर शाकुम्बरी विहार योजना (मवीकलां योजना सं0-8) में स्थित 8013.95 वर्गमीटर भूखण्ड आई0एस0बी0टी0 के निर्माण हेतु क्रय कर लिया गया है। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कहॉ और कब तक उक्त कार्य शुरू हो जायेगा? | सहारनपुर में सहारनपुर-दिल्ली रोड पर शाकुम्बरी विहार योजना (मवीकलां योजना सं0-8) में स्थित 8013.95 वर्गमीटर भूखण्ड आई0एस0बी0टी0 के निर्माण हेतु क्रय किया गया है, जिस पर आई0एस0बी0टी0 बस स्टेशन निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में कार्यवाही प्रचलित है। |
| (घ) | यदि कोई जगह नहीं प्रस्तावित की गयी है तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।